**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**23.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## रोजगार मेला

देशभर में कल 24 अक्तूबर को 17वें रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों में नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। राजधानी शिमला में ये कार्यक्रम बैम्लोई स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान केन्द्रीय उपभोक्ता मामले और सामाजिक न्याय व आधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। देशभर में रोजगार मेलों के माध्यम से अबतक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। ये नियुक्तियां केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

## जी.एस.टी. उत्सव

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर से शुरू हुआ था। आज हम बता रहे है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को कैसे मदद मिल रही है। एक रिपोर्ट————

सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कर की दरों को घटाकर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया है। इस कदम से मरीजों के इलाज की लागत कम हुई है और मध्यम तथा निम्न वर्गीय परिवारों को लाभ हो रहा है। इसी तरह गॉस, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर तथा थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरणों पर भी कर की दरें 12ः से घटकर 5ः हो गई हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को भी कर मुक्त कर दिया है जो पहले 18ः जीएसटी दर का हिस्सा थे। स्वास्थ्य सेवा में इस सुधार से प्रीमियम की कीमत कम हुई है और देश भर में बीमा कवरेज को बढ़ावा मिला है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में एक उपभोक्ता कमल गुरुंग ने कहा कि जीएसटी सुधारों के बाद दवाइयां सस्ती हो गई हैं और लोगों का कुल चिकित्सा खर्च कम हुआ है। हमें फायदा तो बहुत मिला हुआ है क्योंकि दूसरी जगह से इस दवाई में जो है काफी पैसे कम खर्च करने पड़ते हैं, सस्ता मिलता है और उससे हमें काफी जेब खर्च हमारी जेब हल्की हो जाती है, जबकि अच्छा—खासा हमें फायदा है, क्योंकि दूसरी दवाई के बदले में जो है सही भी है सस्ता भी है। नए जीएसटी के तहत लोगों के लिए चिकित्सा सेवाओं की लागत कम हुई है और देश भर में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत हो रही है।

## भाईदूज

भाई—दूज का पर्व आज देश सहित प्रदेश भर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहने अपने भाईयों को तिलक कर उनकी लंबी उम्र, सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती है।

साथ ही यह पर्व भाई और बहन के बीच स्नेह और विश्वास को और मजबूत बनाने का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाई दूज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भाई दूज का त्योहार भाई—बहन के बीच आपसी प्रेम और विश्वास का प्रतीक है और सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाई—बहन के रिश्ते को और मज़बूत बनाने की कामना भी की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रदेशवासियों को भाईदूज की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भाई दूज का पर्व भाई बहन के अटूट

प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस भाईचारे और पारिवारिक मेलजोल को बढाने का आग्रह किया और सभी के जीवन में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

**फ्री बस सेवा**

इस बीच भाई दूज के अवसर पर आज प्रदेश में महिलाओं को हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। एच.आर.टी.सी प्रबंधन की ओर से चालकों व परिचालकों को आदेश जारी किए गए है कि वह हर स्टॉपेज पर महिलाओं को बस रोकें। निगम की बसों में महिलाओं को फ्री यात्रा का लाभ प्रदेश की सीमा के अंदर सूर्यास्त तक ही मिलेगा।

**डीसी चंबा**

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया है कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय सर्वेक्षण के 80वें राउंड के अंतर्गत सांख्यिकीय सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय सांख्यिकीय सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य घरेलू पर्यटन व्यय से संबंधित जानकारी को एकत्र करना है जिसमें यात्रा के उद्देश्य, यात्रा का प्रकार और यात्रा का साधन शामिल हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिला सांख्यिकी कार्यालय और निदेशालय अर्थ व सांख्यिकी से विभिन्न टीमें चयनित गांवों में जाकर घर–घर सर्वेक्षण करेंगी और जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। उन्होंने सभी जिलावासियों से सर्वेक्षण टीमों के साथ सहयोग करने और सटीक जानकारी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

---